प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 / बजे

चुनाव

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। दोनों प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया हैं। विभिन्न चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाओं के जरिये नेता अपनी अपनी पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। भाजपा ने एक ओर जहां लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं वहीं कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा की दो और तीन विधानसभा सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतारें हैं। कांगड़ा व हमीरपुर संसदीय सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए कांग्रेस पार्टी मंथन कर रही है।

चुनाव प्रचार

इस बीच केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर व भोरंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभायें संबोंधित करेंगे। दूसरी ओर मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी आज हमीरपुर जिले के कई स्थानों पर चुनावी बैठकों में भाग लेने का कार्यक्रम है।

भाजपा–कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि भाजपा 4 सौ का आंकड़ पार करेगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नग्गर मे आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मलेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यव्स्था 11वें से 5वें पायदान पर पहुंची है और प्रदेश के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी गई है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने केंद्र की अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा।

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने भी इन चुनावों में पार्टी की जीत का दावा किया है। संजय अवस्थी ने कहा कि अब प्रदेश के लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जांन चुकें है और उसे अब प्रदेश में सत्ता के सपने देखना छोड़ देना चाहिए।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में पहली जून को लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में चंबा मुख्यालय में साईकल रैली का आयोजन किया गया। जिसके जरिये मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इधर सोलन जिले के अर्की विधानसभा क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी कशलोग में भी स्वीप टीम ने स्थानीय लोगों, कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थियों व अभिभावकों को मताधिकार का महत्व बताया । इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मौसम

लाहौल सहित प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में आज भी हिमपात व रिहायशी इलाकों में वर्षा से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इधर राजधानी शिमला सहित अन्य जिलों में भी कुछ स्थानों पर आज सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में आंधी, तुफान के साथ भारी वर्षा व आलोवृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

विद्युत शुल्क से जुड़ी खबर पर दैनिक जागरण व दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है–औद्योगिक इकाइयों से साढ़े 16 प्रतिशत से अधिक विद्युत शुल्क वसूलने पर रोक। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–प्रदेश के बड़े व मध्यम उद्योगों से 16 दशमलव 5 फीसदी बिजली शुल्क वसूलने पर हाईकोर्ट की रोक। दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है– हिमाचल हाईकोर्ट ने उद्योगों से साढ़े 16 फीसदी से अधिक इलैक्ट्रिसिटी डयूटी वसूलने पर लगाई रोक।

चुनाव प्रचार से जुड़ी खबर को भी अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–भाजपा प्रत्याशियों ने लिए 15 करोड़, हिमाचल दस्तक के शब्द है–बिके हुए विधायकों को जनता उप–चुनाव में सबक सिखायेगी। दैनिक सवेरा टाईम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से सुर्खी दी है–विकास को रिर्वस गियर में ले जाना कांग्रेस की आदत–कांग्रेस ने देश को मजबूर जबकि मोदी ने मजबूत नेतृत्व दिया।

सिक्कों से भरी 82 बोरियां पंजाब ले जाते हुए पकड़ी शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–आचार संहिता के बीच संतोषगंढ़ में उड़नदस्ते की कार्रवाही। आपका फैसला का शीर्षक है–फ्लाइंग स्कवॉड की बड़ी कार्रवाही संतोषगढ़ में सिक्कों से भरी हुई 82 बोरियां बरामद।

पंजाब केसरी की एक खबर है– भूस्खलन की चपेट में बोलैरों, हादसे में दो की मौत–ऊना व ठियोग में हादसे चार की मौत। इसी खबर पर दिव्य हिमाचल लिखता है–शिमला, बिलासपुर, ऊना में दुर्घटनायें, 4 हादसों में 6 की जान गई।

मौसम से जुड़ी खबर को भी अधिकतर अखबारों ने प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–शिमला, सोलन, सुदंरनगर, कुमारसेन और सैंज में ओलावृष्टि सेब की फसल को 20 प्रतिशत नुकसान। अमर उजाला की सुर्खी है–कई क्षेत्रों में आज बारिश, ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।

आज आ सकता है प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम खबर को भी अखबारों ने प्रमुखता दी हैं